# Headline

- **West Bengal: हिंसा के बीच भाजपा विधायक ने केंद्रीय गृहमंत्री को लिखा पत्र, बंगाल में केंद्रीय बल भेजने की मांग**
- **McDonald's Layoffs: अब दुनिया की सबसे बड़ी फास्ट फूड श्रृंखला में छंटनी, अमेरिका के दफ्तर अस्थायी रूप से 'बंद'**


दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 263 | इंदौर, सोमवार 03 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए






### रामनवमी हादसे के बाद कार्रवाई...

# बड़ा एक्शन : बावड़ी वाले मंदिर पर भी चला बुलडोजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में रामनवमी के दिन शहर के स्नेह नगर के पटेल नगर में बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर स्थित बावड़ी धंसने की घटना के बाद बड़ा एक्शन हो रहा है। हादसे से सबक लेते हुए इंदौर नगर निगम और पुलिस ने सोमवार सुबह बड़ी कार्यवाही शुरु की। प्रशासनिक अफसरों के मुताबिक, बावड़ी को मलबे से भरा जाएगा। इसके अलावा नगर निगम ने अब तक कि सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के अन्य तीन स्थानों पर भी कार्रवाई की है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव व कमिश्नर प्रतिभा पाल के निर्देशन में कार्रवाई को अंजाम दिया। ये कार्रवाई स्नेह नगर गार्डन, जहां हादसा हुआ था। दूसरी कार्रवाई ढक्कन वाला कुआं, तीसरी कार्रवाई सुखलिया ओर चौथी कार्रवाई गडराखेड़ी में चल रही है।





15वीं बटालियन के पास गडरा खेड़ी में फुटपाथ के नीचे दबे हुए कुएं को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। इसके ऊपर फुटपाथ बना था और खाटू श्याम मंदिर की दीवार बनी थी और टीनशेड का निर्माण कर दुकान बनी हुई थी। बावड़ी के बहाने मंदिर पर भी बुलडोजर चला दिया गया। इससे रहवासी दुखी नजर आए। कुछ महिलाओं ने रोते हुए अपना दर्द बयां किया।

जानकारी के मुताबिक, रविवार रात 12 बजे नोटिस चिपकाया गया था। जेसीबी डंपर रात को ही आ गए थे और सुबह 6 बजे कारवाई शुरू हुई। हर घर के आगे पुलिस मौजूद रही। पहले निर्माणाधीन मंदिर की दीवारें तोड़ी गई और फिर आम बावडी वाले मंदिर से मूर्तियों को हटाया गया। मूर्तियां हटाने के बाद मंदिर के अवैध निर्माण का टीन शेड और दीवारें तोड़ी गई। निर्माणाधीन मंदिर के पिलर पोकलेन से तोड़े जा रहे हैं।

प्रशासन ने ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां बावड़ी या कुएं हैं और जहां लोगों ने अतिक्रमण कर लिया। सुबह जब लोग रामनवमी हादसे वाले स्थान पर मंदिर पहुंचे, तो उन्हें बाहर ही रोक दिया गया। बहस करने वालों पर ल_ भी चलाए। मीडिया को भी बाहर रखा गया है। आसपास के लोगों को घरों के बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। मंदिर की मूर्तियों को प्रशासन की टीम कार में रखकर ले जा रही है। प्रसाशनिक अफसरों के मुताबिक बावड़ी को मलबे से भरा

## पुलिस बल तैनात

कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। व्यवस्था संभालने के लिए जूनी इंदौर, भंवरकुंआ, रावजी बाजार सहित चार थानों का पुलिस बल तैनात किया गया है। नगर निगम ने पांच से अधिक पोकलेन मशीन से कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम उपायुक्त रिमूवल अधिकारी लता अग्रवाल, एडीएम अभय बेड़ेकर के अलावा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। इसी तरह ढक्कन वाला कुआं क्षेत्र में रजिस्ट्रार कार्यालय के पास भी कुएं को अतिक्रमण मुक्त करने की काम नगर निगम द्वारा किया जा गया है। यहां जेसीबी से खुदाई की जा रही है। यह कुआं रोड किनारे फुटपाथ पर बना हुआ है। इसके ऊपर पेवर ब्लॉक लगा दिए गए हैं।

# जलकर नहीं भरने पर कटेंगे नल कनेक्शन

## होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन, धर्मशाला, मल्टी, टाउनशिप, शॉपिंग मॉल पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम ने तय किया है कि जिन लोगों पर पानी का पैसा यानी जलकर बकाया और दे नहीं रहे हैं उनके नल कनेक्शन काट दिए जाएं। इसको लेकर जलप्रदाय विभाग के अफसरों को निर्देश जारी हो गए हैं। अफसर आज से अपने-अपने जोन अंतर्गत होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज गार्डन, धर्मशाला, मल्टी, टाउनशिप, शॉपिंग मॉल व अन्य बड़े संस्थानों पर वसूली के लिए पहुंचेंगे। इस दौरान जलकर के बल्क कनेक्शन की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले लोगों के नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगा। इधर, राजस्व विभाग के बिल कलेक्टर को वार्ड में 3 दिन तक रोज 1 लाख रुपए बकाया संपत्तिकर वसूलने का टारगेट दिया गया है।**

### बकाया राशि वसूलने को लेकर मुहिम चलाएंगे

वित्तीय वर्ष 2022-23 तीन दिन बाद यानी 31 मार्च को समाप्त हो गया है। इसके चलते निगम ने बकाया संपत्तिकर, जलकर और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुल्क वसूलने को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। एक तरफ जहां बकाया संपत्तिकर न देने वाले करदाताओं की संपत्ति पर ताले लगाकर सील किया जा रहा है वहीं अब जलकर की बकाया राशि जमा न करने वाले लोगों के नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई होगी। इसको लेकर निगमायुक्त प्रतिभा पाल ने निगम के 19 जोन पर तैनात जलप्रदाय विभाग के सहायक यंत्रियों और उपयंत्रियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यह अफसर अपने-अपने जोन में जलकर के बल्क कनेक्शन की बकाया राशि वसूलने को लेकर मुहिम चलाएंगे।

### जलकर बल्क कनेक्शन काटने की कार्रवाई होगी

इसके चलते शॉपिंग मॉल व अन्य बड़े संस्थान सहित शहर के अन्य जगहों पर बल्क नल कनेक्शन की जलकर की बकाया राशि वसूलने जाएंगे जो बकाया राशि जमा नहीं कराएंगे, उनके खिलाफ सख्ती बरतने के साथ जलकर बल्क कनेक्शन काटने की कार्रवाई होगी। सहायक यंत्री और उपयंत्री को हिदायत दी गई है कि किसी भी परिस्थिति में बल्क नल कनेक्शन की 100 प्रतिशत राशि से कम की वसूली नहीं की जाए। हालांकि जलकर के बल्क कनेक्शन सहायक यंत्री और उपयंत्री अपने जोन की राशि के साथ कचरे के बल्क खाते में आने वाले होटल, रेस्टोरेट, मैरिज की बकाया राशि भी वसूलने के आदेश गार्डन, धर्मशाला, मल्टी, टाउनशिप, राजस्व अमले को दिए हैं।

# बावड़ी हादसा : इंदौर के धर्म प्रमुखों पंडित, काजी, ज्ञानी और फादर ने जाने घायलों के हाल!

### दर्दनाक हादसे का शिकार हुए घायलों से मिलने पहुंचे अस्पताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रामनवमी पर इंदौर बावड़ी हादसे में घायलों से मिलने आज इंदौर के सभी धर्मों के प्रमुख अस्पताल पहुंचे। सभी धर्म प्रमुखों ने एक स्वर में कहा कि हम इस हादसे में पीड़ितों के साथ है सभी ने पीड़ितो के जल्द स्वस्थ होने एवम मृत आत्माओं को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना भी की।

इंदौर के सभी धर्मो के धर्मगुरु एक साथ उन घायलों से अस्पताल मिलने पहुंचे।इनमें खजराना गणेश मंदिर के पंडित अशोक शर्मा, इंदौर शहर काजी डॉक्टर इशरत अली, क्रिश्चियन मिशनरी के प्रमुख बिशप चाको और गुरु सिंह सभा के महासचिव जसबीर सिंह गांधी शामिल थे। सभी ने घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना की तथा सभी ने इस लापरवाही के लिए इंदौर नगर निगम को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जो जल स्त्रोत लोगों के जीवन बचाने के काम आते हैं वह अतिक्रमण के कारण लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। इसलिए नगर निगम को चाहिए कि वह जल्द से जल्द तमाम जल स्त्रोतों को दोबारा जीवित करें जिससे लोगों को शुद्ध पानी मिल सके।

## पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह

**इंदौर।** नव श्री श्रीसाहित्य सभा द्वारा 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे हवा बंगला रोड स्थित महालक्ष्मी मंगल परिसर में पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्षता करेगे प .जगदीश पचोरी और प .अशोक कानूनगो। विप्र प्रमुख प .योगेंद्र महंत,अनूप वाजपेई और अशोक दिवेदी मुख्य अतिथि होगे ।यह जानकारी वरिष्ठ साहित्यकार चकोर चतुर्वेदी ने दी। समारोह में सूर्यनारायण आचार्य श्रांत के काव्य संग्रह मन मोरे बावरा का विमोचन होगा।

# वित्तीय वर्ष में 2942 करोड़ यूनिट बिजली की आपूर्ति

● मालवा निमाड़ में 9.33 प्रतिशत ज्यादा बिजली वितरण हुआ पिछले वर्ष से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मालवा-निमाड़ में इस वित्तीय वर्ष में 2942 करोड़ यूनिट बिजली की गुणवत्ता के साथ वितरण किया गया है। यह पिछले वर्ष 2021-22 की तुलना में 9.33 प्रतिशत ज्यादा है।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि वर्ष के दौरान इंदौर राजस्व संभाग के इंदौर और धार जिले में सबसे ज्यादा पौने तेरह प्रतिशत बिजली का वितरण हुआ है।

श्री तोमर ने बताया कि इंदौर राजस्व संभाग में 2022-23 के दौरान लगभग 1735 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई, इसमें से इंदौर शहर में 331 करोड़ यूनिट बिजली शामिल है। देवास जिले में लगभग 9 प्रतिशत, उज्जैन जिले में सात प्रतिशत, रतलाम जिले में दस प्रतिशत ज्यादा बिजली का वितरण वर्ष के दौरान हुआ है। उज्जैन राजस्व संभाग के सातों जिलों में इस दौरान 1207 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई। उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा बिजली उज्जैन जिले में 305 करोड़ यूनिट वितरित हुई।

श्री तोमर ने बताया कि बिजली गुणवत्तापूर्वक वितरित करने के लिए कंपनी स्तर पर कार्यपालक निदेशक, इसके बाद मुख्य अभियंता एवं जिलों में अधीक्षण अभियंता नोडल अधिकारी के रूप में पदस्थ है। ये आपूर्ति व्यवस्था देखते है, साथ ही तकनीकी कठिनाई आने पर समय से निराकरण कराते हैं।

# केशरीमल जैन जैन रत्न एवं प्रवीण गुरूजी जिनशासन रक्षक सम्मान से विभूषित

## म प्र सेण्ट्रल रीजन फेडरेशन एवं अ भा श्वेताम्बर जैन महिला संघ केन्द्रीय इकाई द्वारा अलंकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर रविन्द्र नाट्य गृह में सम्मान समारोह का आयोजन अ भा श्वेताम्बर जैन महिला संघ केन्द्रीय इकाई एवं फेडरेशन के म प्र सेण्ट्रल रीजन द्वारा किया गया ।प्रारंभ में समारोह का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर आयुक्त नगर निगम सिध्दार्थ जैन,समाजसेवी संतोष कटारिया, नीतिन जैन, कैलाश नाहर, नरेन्द्र संचेती और संस्थापक अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन ने किया ।**

स्वागत उद्बोधन मुख्य संयोजक अभय बाफना एवं महिला संघ अध्यक्ष निशा संचेती ने दिया ।संस्था की गतिविधियों की जानकारी संस्थापक अध्यक्ष रेखा जैन एवं सेण्ट्रल रीजन के चेयरमैन तरूण कीमती ने दी। वरिष्ठ समाजसेवी एवं उदारमना केशरीमल जैन को जैन रत्न की उपाधि से अलंकृत करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा जैन समाज का श्रेष्ठ सम्मान जैन रत्न उन्हें समाज में लगातार योगदान के लिए प्रेरित करता रहेगा ।उनके द्वारा समाज के लिए किये गये कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हैं ।इसी अवसर पर देव गुरु धर्म के प्रति समर्पित प्रवीण गुरूजी को म प्र सेण्ट्रल रीजन फेडरेशन एवं श्वेताम्बर जैन महिला संघ की ओर से जिन शासन रक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया । खचाखच भरे हॉल में अतिथियों का स्वागत रीजन के सुविधि जवेरी,गौरव दुग्गड,विकास हुण्डिया एवं उपेन्द्र जैन ने किया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र कुमार जैन,पीयूष जैन,प्रकाश भटेवरा,राजेन्द्र जैन,संजय नाहर का स्वागत महिला संघ की स्नेह कटारिया, ,शकुन्तला पावेचा,वंदना जैन,मंजू श्री तांतेड,संध्या छाजेड,सरिता बोडाना ने किया ।इस अवसर पर सुनील केशरीमल जैन,दीपक जैन टीनू,फेडरेशन के संरक्षक डॉ नरेंद्र धाकड, चेयरमैन कमलेश कोठारी,महासचिव सनोज जैन, जिनेश्वर जैन, नरेन्द्र भण्डारी,उपाध्यक्ष कल्पना पटवा,कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र नाहर,प्रचार सचिव पंकज बाफना आदि उपस्थित थे ।

### जैन रत्न केशरीमल जैन

पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक व आर्थिक सहायता, चिकित्सा एवं मानव सेवा,देश की प्रथम बाल आंगनबाड़ी,अनाथालय सहायता,गौशाला सहायता,ग्रामीण क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं विद्युतीकरण जैसे अनगिनत कार्य आपकी जीवंत निशानिया है।

### जिन शासन रक्षक प्रवीण गुरूजी

जैन धर्म के अनुरूप मोह माया को त्यागकर तप तपस्या नवकार मंत्र की सतत आराधना ,प्रतिदिन पूजन सामायिक, साधू संतों की सेवा, वैय्यावच्च में सदैव अग्रणी, आजीवन वियासना, एकासना करने का लक्ष्य लिये नवकार परिवार के संस्थापक ।

## पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एकत्र किया 11 हजार करोड का राजस्व

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने वित्तीय 2022-23 में रिकॉर्ड रूप से 11 हजार करोड रूपए का राजस्व संग्रहण किया है। मार्च-2023 में ही 1400 करोड की राशि एकत्र की गई। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की इस उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी प्रबंधन, अधिकारियों , कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को बिल भुगतान में सहयोग के लिए बधाई दी है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि मार्च माह में राजस्व संग्रहण के लिए लगभग 5 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों ने अथक परिश्रम किया। उनके इस प्रयास से ही कंपनी प्रदेश में सबसे अधिक 1400 करोड़ का राजस्व संग्रहण करने में सफल रही है।

# बिजली कंपनी की लापरवाही से किसानों की 35 बीघा जमीन की फसल जलकर नष्ट

### किसानों को नुकसान का उचित मुआवजा दें - रीना बौरासी सेतिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की इंदौर संभाग के प्रवक्ता रीना बौरासी सेतिया ने बताया कि मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण ग्राम पिपलिया कायस्थ किसानों की 35 बीघा जमीन पर खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई । ऐसे में अब जरूरी है कि किसानों को उनके नुकसान का पर्याप्त मुआवजा दिया जाएं। रीना बौरासी सेतिया ने बताया कि बिजली इंजीनियरों के द्वारा किसानों को सूचना दिए बगैर ही कल 1 अप्रैल से विद्युत प्रदाय का सहयोग बदल दिया गया। किसानों को जानकारी नहीं होने से एकदम बिजली सप्लाई शुरू हो जाने के कारण डीपी में फाल्ट हो गया । जिसके चलते हुए गांव में 4 किसानों की 35 बीघा जमीन पर लगी हुई फसल जलकर नष्ट हो गई । यह फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी । किसानों के द्वारा इस फसल की कटाई भी शुरू करने की तैयारी की जा रही थी । उसके पहले ही यह फसल नष्ट हो गई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, वहीं दूसरी तरफ बिजली कंपनी की लापरवाही से किसानों को 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस घटना की जानकारी मिलने पर आज मौके पर जाकर उन्होंने किसानों से चर्चा की। किसानों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद बिजली कंपनी के अधिकारियों से रीना बौरासी सेतिया के द्वारा चर्चा की गई।

## दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव की शुरूआत अखंड रामायण पाठ से होगी

**इंदौर।** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत 5 अप्रैल को अखंड रामायण पाठ से होगी। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि अखंड रामायण पाठ की शुरूआत बुधवार को दोपहर 12 बजे से होगी। जन्मोत्सव की आरती 6 अप्रैल गुरुवार को सुबह 6 बजे होगी।दोपहर को सुंदर काण्ड की चौपाइयों से हवन होगा।शाम 6 बजे संगीतमय भजन संध्या होगी उसके बाद प्रसाद वितरण होगा। महंत मंगल दास महाराज खाकी ने बताया कि श्री मानस मंदिर धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास की ओर से यह आयोजन वर्षो से प्रतिवर्ष किया जा रहा है। पूरे मंदिर परिसर को सजाया संवारा जा रहा है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



# भगवान श्रीराम के गर्भगृह में लगेगी चंद्रपुर-गढ़चिरौली के जंगलों के सागौन की लकड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** अयोध्या का राममंदिर, चंद्रपुर की काठ, देश भर के कलाकार, रामलला के ठाट... जी हां, कुछ ऐसी ही भव्यता समाई है अयोध्या के राममंदिर निर्माण में। मंदिर निर्माण के लिए लगने वाली सारी लकड़ी चंद्रपुर जिले के जंगलों से रवाना हो रही है। यहां की लकड़ी का चुनाव श्री राम मंदिर निर्माण समिति के जिम्मेदारों ने किया। इसके लिए बकायदा अयोध्या के राम मंदिर से आई विशेषज्ञों की एक टीम ने वहां के वन विभाग को लकड़ी के लिए मांग पत्र सौंपा। शुरुआत में 32 घन फिट लकड़ी को रवाना भी किया जा चुका है। इससे पूर्व चंद्रपुर में भव्य काष्ठ-पूजन का आयोजन हुआ। इस आयोजन को भव्यता प्रदर्शन करने देश भर से लोक कलाकारों को बुलाया गया। इनमें संस्कारधानी के भी 30 कलाकार शामिल रहे।

श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य 2024 तक पूरा होना है। इसलिए प्रत्येक स्तर पर तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जा रहा है कि श्री राम मंदिर के निर्माण में जितनी भी और जिस आकार की लकड़ी लगना है वो चंद्रपुर और गढ़चिरौली के जंगल से जाएगी। लकड़ियों के पहले लाट की रवानगी हो चुकी है। लकड़ी हिन्दु-आस्था के सबसे बड़े केंद्र श्री राम मंदिर के निर्माण में उपयोग की जानी हैं, इसलिए चंद्रपुर में भव्य काष्ठ-पूजन समारोह का आयोजन हुआ।

### देश भर से आए लोक कलाकार

इस आयोजन में उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के अनेक मंत्री शामिल रहे, साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से लोक कलाकारों की 57 टीमों को आमंत्रित किया गया। इनमें जबलपुर से लोकनृत्य के निर्देशक संजय पांडे एवं इंद्र पांडे के निर्देशन में लोक राग समिति एवं इंद्रलोक परफॉर्मिंग आर्ट संस्था के 30 कलाकारों का एक दल शामिल हुआ। जबलपुर के अलावा छिंदवाड़ा, सीधी, मालवा, निमाड़ से भी लोक-कलाकारों की टीमें शामिल हुईं। सभी कलाकारों ने भगवान श्री राम और अवध से संबंधित विषयवस्तु पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस काष्ठ पूजन को विजयादशी की तरह आयोजित किया गया।

### 1855 घन फिट का मांग-पत्र

जो लकड़ी रवाना की जा रही है वो सागौन की है। सागौन देश के कोने-कोने में होता है, लेकिन जलवायु और भूमि की आंतरिक संरचना के चलते गढ़चिरौली और चंद्रपुर के सागौन की गुणवत्ता सर्वाधिक होती है। इसलिए राम मंदिर निर्माण समिति के विशेषज्ञों ने यहां के सागौन को वरीयता दी औरविन विभाग को 1855 घन फिट लकड़ी का मांग-पत्र सौंपा। 32 घन फिट लकड़ी रवाना भी की जा चुकी है।

### पूरे देश की सहभागिता तय करने का प्रयास

लकड़ी मध्य भारत से मंगाने का एक बड़ा कारण भावनात्मक भी है। श्री राम सभी के हैं, लेकिन मंदिर अयोध्या में बनना है। ऐसे में मंदिर निर्माण में देश के सभी क्षेत्रों की सहभागिता मंदिर के प्रति लोगों की आस्था को दृढ़ कर सकेगी।

### जबलपुर से शमिल हुए ये कलाकार

चंद्रपुर में आयोजित काष्ठ-पूजन समारोह में शहर के सुदामा चौधरी, प्रेम श्रीवास्तव, राजकुमार बेन, शीतल विनोदिया, कमलेश सिंगरहा, प्रशांत गहरवार, विशाल विश्वकर्मा, अनिल राजपूत, सुरेश धुर्वे, घनश्याम चौहान, कविता पांडे, दिशा जैन, तृप्ति कोष्टा, दीक्षा मेहरा, दीपल तिवारी, राधा बर्मन, रिद्धि शुक्ला, अनुश्री सेन, स्नेहा श्रीवास, पलक तिवारी आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

# कमल नाथ ने कहा-क्या भाजपा ने ले रखा भगवा का ठेका, हम धर्म को राजनीतिक मंच पर नहीं लाते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रविवार को आयोजित धर्म संवाद में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा कि भगवा का ठेका क्या भाजपा ने ले रखा है। जब हम मंदिर जाते हैं, पूजा करते हैं तो भाजपा को दर्द होता है। क्या भाजपा ने हिंदू धर्म का ठेका ले रखा है। मैं गर्व से कहता हूं मैं हिंदू हूं, बेवकूफ नहीं।**

भाजपा और कांग्रेस में अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लिए धर्म हमारी भावनाओं-आत्मा से जुड़ा है, राजनीति से नहीं। हम धर्म को राजनीतिक मंच पर नहीं लाते हैं। धर्म के आधार पर राजनीति नहीं करना चाहते। हम चाहते हैं राम मंदिर बने, पर राम मंदिर को आप चुनावी बिंदु बनाओगे, यह हम नहीं चाहते। मंदिर का ताला तो राजीव गांधी ने ही खोला था। पार्टी ने आज के दिन को मठ-मंदिर स्वायत्ता दिवस के रूप में मनाया।

नाथ ने कहा कि समाज का नेतृत्व कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं करता, हमारे पुजारी करते हैं। भाजपा ठेकेदार-उद्योगपति को बड़ी-बड़ी जमीन देती है, पर मंदिर को जमीन देने में संकोच करती है। वह आपको परेशान करना चाहती है, जब तक आप उनके सदस्य न बनो। वे उन्हीं को पुजारी मानते हैं, जो उनके सदस्य हैं। हम पुजारी को समाज सेवक मानते हैं। मुझे नई पीढ़ी की चिंता है, वह सामाजिक मूल्यों से दूर हो रही है। इसे बचाए रखने की जिम्मेदारी आपकी (पुजारियों) है। आप हमारी आध्यात्मिक शक्ति को और मजबूत बनाएं। यह तभी हो सकता है, जब आपकी जमीन आपकी हो। हमारी सरकार छह माह में बनेगी। मैं भरोसा दिलाता हूं हम आपको मजबूती देंगे।

विधायक पीसी शर्मा ने पुजारियों से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि कमल नाथ ने बगैर मांगे पुजारियों का मानदेय तीन गुना बढ़ाया। महाकाल कारीडोर हमने बनाया। राम वनगमन पथ, ओंकारेश्वर के लिए बजट दिया। हम सरकारी जमीन पर स्थित मंदिरों के पट्टे देने वाले थे पर भाजपा ने सरकार गिरा दी। नर्मदा ट्रस्ट बनाया। ताकि नर्मदा को अति उत्खनन से बचाया जा सके आज अंधाधुंध उत्खनन हो रहा है।

### भाजपा पर लगाया जुलूस पर पत्थर फेंकने का आरोप

कमल नाथ ने मीडिया से चर्चा में रामनवमी के जुलूस पर पत्थरबाजी के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव है। इसके पहले भाजपा सभी हथकंडे अपना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुपारी देने के आरोप पर बोले कि इंटरनेट मीडिया का जमाना है, सब कुछ पारदर्शी है। हमें किसी की सुपारी देने की जरूरत नहीं है, जनता समझदार हो चुकी है। महंगाई और दूसरे मुद्दों पर भाजपा की हकीकत समझ चुकी है।

इंदौर हादसे को लेकर कमल नाथ ने कहा कि भाजपा नेताओं के दबाव में अतिक्रमण नहीं हटाया गया। ट्रस्ट को दो बार नोटिस दिए गए थे। शिवराज जी कार्रवाई करने का झूठा दिखावा कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव के द्वारा दिग्विजय सिंह को लेकर दिए बयान पर कहा कि दिग्विजय सिंह किसके दोस्त किसके नहीं मुझे नहीं पता। वे मेरे अच्छे दोस्त हैं।

## दमोह में बिल्ली के हमले से ढाई माह की मासूम बच्ची की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** सुरेखा कालोनी में बिल्ली के हमले से दो माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई। पलंग पर सोते समय मासूम बच्ची के सिर पर बिल्ली ने हमला बोल दिया उसके चीखने पर पिता बेटी के पास आए और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

देहात थाना की सागर नाका चौकी की सुरेखा कालोनी निवासी नीलेश खरे ने बताया कि उनकी पत्नी के यहां 16 जनवरी को दो जुड़वा बेटियां हुई थी जिसमें एक बेटी का नाम शिवांशी है जो अपनी दूसरी बहन के साथ पलंग पर सो रही थी और वह पूजा कर रहे थे। बच्चियों की मां बाथरूम में थी और मौसी हाथ धोने गई थी। इसी दौरान एक बिल्ली कमरे में आ गई और उसने बेटी शिवांशी के सिर पर हमला कर दिया जिससे सिर के उपरी हिस्से का काफी मांस निकल आया और बेटी जोर से चिल्लाई तो वह कमरे में पहुंचे जहां बेटी खून से लहूलुहान थी और बिल्ली पलंग पर बैठी थी। उन्होंने बिल्ली को भगाया और स्वजनों के साथ बेटी को जिला अस्पताल लेकर आए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सागर नाका चौकी प्रभारी गरिमा मिश्रा ने बताया कि बिल्ली के हमले से ढाई माह की मासूम बच्ची की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

इस घटना से लोगों को एक सीख भी लेनी चाहिए कई घरों में लोग बिल्लियां पालते हैं जबकि वह मांसाहारी जीव है और काफी घातक भी होती हैं। इसलिए घर के छोटे बच्चों के साथ कोई घटना घटित न हो इसलिए इस प्रकार के जानवर पालना भी काफी घातक है

## महेश्वर में हुई कन्नड़ फिल्म माय हीरो डाक्यूमेंट्री की शूटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महेश्वर।** रविवार को देश ही नहीं पश्चिम देशों में भी नाम से प्रसिद्ध मां अहिल्याबाई होल्कर की हेरिटेज पर्यटन नगरी महेश्वर में माय हीरो डाक्यूमेंट्री कन्नड़ फिल्म की शूटिंग हुई। जिसमें हालीवुड फिल्म अभिनेता जिलाली रेज कल्लाह मुख्य किरदार निभा रहे हैं। अविनाश विजय कुमार इस फिल्म को निर्देशित कर रहे हैं। जिसमें अभिनेता जिलाली एक सेना अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। प्रोडक्शन के हर्ष दवे ने बताया की यह फिल्म करीब एक करोड़ रुपए बजट की है। फिल्म को अनेक भाषाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज किया जाएगा। नगर में बनने वाली हैंडलूम महेश्वरी साड़ी नगर का पुरातात्विक इतिहास सहित कई विषयों को फिल्मों में दर्शाया जाएगा। फिल्म की कहानी के अनुसार किसी कारण से फिल्म के अभिनेता भारत आते हैं और महेश्वर के घाट पर एक लड़के से मिलते हैं जो पढ़ाई व एनजीओ के लिए काम करने के साथ यहाँ गाइड के तौर पर भी काम करता हैं। लड़का ही इस विदेशी सेना अधिकारी को नगर के इतिहास से रूबरू कराता है।

### महेश्वर है शूटिंग के लिए पहली पसंद

मध्य प्रदेश का महेश्वर फिल्म शूटिंग के लिए सबकी पहली पसंद बन गया है। यहां तमिल फिल्म पोनियिन सेलवन, पैडमैन, जीनियस, तेवर, यमला पगला दीवाना, द वलर्ड, यंगिस्तान, डर्टी पालिटिक्स, मेरिट लिस्ट बाय कास्ट की शूटिंग महेश्वर में हो चुकी है। यहां के घाट और ऐतिहासिक स्थल की वजह से फिल्म की शूटिंग के लिए महेश्वर सबसे बेस्ट बताया गया है।

# वंदे भारत का एक ही रैक, एक तरफ से लेट हुई तो दूसरी तरफ से भी होगी देरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के लिए एक ही रैक मिला है। ठीक इसी तर्ज पर शताब्दी एक्सप्रेस का भी संचालन होता है। इसका असर यह होता है कि ट्रेन यदि एक तरफ से लेट होती है, तो वापसी में भी यह देरी से ही आती है, जबकि अन्य ट्रेनों के रैक दो होने के कारण एक तरफ का संचालन ही प्रभावित होता है। शताब्दी एक्सप्रेस के मामले में यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से दिन में ही वापस होती है। वंदे भारत एक्सप्रेस के मामले में यदि ट्रेन हजरत निजामुद्दीन तक पहुंचने में लेट हुई, तो वहां से भी देरी से आ पाएगी।**

देश की राजधानी से मध्यप्रदेश की राजधानी के बीच शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन पहले ही दिन 74 यात्रियों को लेकर दिल्ली से ग्वालियर पहुंची। वहीं ग्वालियर से 89 यात्रियों को लेकर ट्रेन भोपाल की तरफ रवाना हुई। इस ट्रेन में सफर करने के लिए स्टेशन पर यात्री बहुत उत्साहित नजर आए। यह ट्रेन रविवार को हजरत निजामुद्दीन से लेकर भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन के बीच अलग-अलग हिस्सों में तीन बार रफ्तार बदलेगी। हजरत निजामुद्दीन से लेकर आगरा कैंट स्टेशन के बीच यह ट्रेन 160 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी। वहीं आगरा कैंट से ग्वालियर व वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन होते हुए ललितपुर स्टेशन तक इसकी रफ्तार 130 किमी प्रति घंटा रहेगी। ललितपुर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच ट्रेन की रफ्तार 120 किमी प्रति घंटा की होगी। सोमवार से यह ट्रेन नियमित रूप से भोपाल से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के बीच दौड़ेगी। यह ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 5:40 बजे चलेगी और वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर 8:46 बजे पहुंचेगी। ग्वालियर स्टेशन पर 9:48 बजे और आगरा कैंट स्टेशन पर 11:23 बजे दो मिनट के ठहराव के बाद 1:10 बजे निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन का एक ही रैक होने के कारण संचालन पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन ज्यादा समस्या सर्दी के दिनों में आएगी।

## संपादकीय

### व्यापार पर जोर

नई विदेश व्यापार नीति में उन देशों में निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जहां डालर की पहुंच कमजोर हुई है या जो डालर के बजाय अपनी मुद्रा में व्यापार करने को इच्छुक हैं। भारत डालर के बजाय रुपए में व्यापार बढ़ाने पर जोर दे रहा है। वैसे भी दुनिया के कई देश अब वाणिज्य-व्यापार में डालर की बाध्यता से मुक्त होना चाहते हैं। रूस और चीन परस्पर व्यापार को युआन में करने पर जोर दे रहे हैं। अभी तक विदेश व्यापार नीति हर पांच साल पर जारी की जाती रही है, मगर यह पहली बार है, जब इसकी कोई अवधि निर्धारित नहीं की गई है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों के मुताबिक इसमें बदलाव करने की नीति अपनाई गई है। यानी व्यापार नीति को खासा लचीला बना दिया गया है। स्वाभाविक ही, इससे व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में कुछ गति आने की उम्मीद बनी है। यों, पहले ही सरकार व्यापार संबंधी नियमों को काफी लचीला बना चुकी है, जिससे निर्यात में अनेक जटिलताएं दूर हो चुकी हैं। इसी के चलते कोरोना काल में जब व्यापारिक गतिविधियां ठहर-सी गई थीं, भारत आर्थिक झंझावातों से जल्दी बाहर निकल आया। मगर आयात के मुकाबले निर्यात को बढ़ाना अब भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। पिछले महीने आए आंकड़ों के मुताबिक भारत का व्यापार घाटा कुछ कम हुआ है और अगले दो-तीन सालों में इसके और कम होने की उम्मीद जताई गई है। दरअसल, पिछले चार-पांच सालों में भारत का निर्यात लगातार कम होता गया है। इसके मुकाबले आयात बढ़ा है। इस तरह व्यापार घाटा बढ़ते हुए चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया था। फिर सरकार ने व्यापार घाटा कम करने पर ध्यान केंद्रित किया और उसके सकारात्मक नतीजे पिछले महीने देखने को मिले। मगर उसमें ऐसा भी नहीं कि निर्यात की दर बढ़ गई, बल्कि पिछले सालों की तुलना में कुछ कम ही हुई थी, मगर आयात में कमी करने की वजह से व्यापार घाटा कम दर्ज हुआ था। इस तरह निर्यात की दर बढ़ाने को लेकर नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत लगातार रेखांकित की जा रही थी। नई व्यापार नीति के जरिए इसमें उत्साह पैदा करने का प्रयास किया गया है। अनुमान है कि चालू वित्तवर्ष में निर्यात 765 अरब डालर का होगा। पिछले वित्तवर्ष में 676 अरब डालर का हुआ था। हालांकि इस रफ्तार से भी निर्यात बढ़ता रहा, तो अगले सात सालों में इसके दो हजार अरब डालर तक पहुंचना आसान बात नहीं होगी।

## सैर सपाटा

# विदेश यात्रा का है मन लेकिन बजट है कम, तो अपनाएं ये हैक्स सस्ते में होगा ट्रिप



**लाइफ में एक एक ना एक बार सभी विदेश घूमने का सपना देखते हैं। फिर चाहें वह व्यक्ति घुमक्कड़ है या नहीं इससे फर्क नहीं पड़ता। वैसे तो विदेश जाना अब पहले जितना मुश्किल नहीं रहा है लेकिन बात अक्सर बजट पर आकर रुक जाती है। ज्यादातर लोग इंटरनेशनल ट्रिप पर इसलिए नहीं जाते हैं, क्योंकि इसमें काफी ज्यादा रुपये लग जाते हैं। इंटरनेशनल ट्रिप में फ्लाइट्स की टिकट से लेकर रहना, खाना-पीना और घूमना सब कुछ काफी ज्यादा महंगा होता है। हालांकि, अगर आपने विदेश यात्रा का मन बना लिया है तो कुछ ट्रैवल हैक्स को अपनाकर आप इसे बजट में पूरी कर सकते हैं। तो जानिए ट्रैवल हैक्स-**



### ● होटल नहीं होटल में ठहरें

घूमने फिरने के लिए जब घर से निकलते हैं तो अक्सर हम होटल की बुकिंग पहले कर लेते हैं। लेकिन विदेश यात्रा करने के लिए आपको होटल नहीं बल्कि होस्टल बुक करना है। होटल आपके बजट पर भारी पड़ सकता है। हॉस्टल बुक करने के लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल जाएंगे।

### ● जरूर चुनें ट्रैवल इंश्योरेंस

ज्यादातर लोग ट्रैवल इंश्योरेंस को बेकार मानते हैं। लेकिन आपको बता दें कि ये काफी जरूरी होता है। यात्रा के दौरान किसी भी तरह की अनहोनी को कवर करने के लिए ये बेहद जरूरी होता है। इसके जरिए आप कई चीजों को क्लेम कर सकते हैं।

### ● स्टूडेंट आईडी आएगी काम

अगर आप स्टूडेंट हैं तो अपना स्टूडेंट आईडी कार्ड जरूर साथ में रखें। ये बड़े काम का होता है। दरअसल, स्टूडेंट्स को कुछ ना कुछ छूट मिल जाती है, ऐसे में आपका खर्चा बच सकता है। कई पर्यटन जगहों पर स्टूडेंट की एंट्री टिकट कम होती है। वहीं कुछ कैफे में भी डिस्काउंट मिल जाता है। इसलिए अपने स्टूडेंट कार्ड को साथ रखें।

### ● टैक्सी से बचें

विदेश यात्रा के दौरान टैक्सियों का इस्तेमाल करना काफी महंगा हो सकता है। इसके बजाय ज्यादा किफायती ऑप्शन के रूप में मेट्रो का इस्तेमाल करें। अगर आप जल्दी में नहीं हैं, तो बस लेने की कोशिश करें।

## Highlights

1. **BJP MLA injured as fresh clashes erupt in WB during Ram Navami rally**
2. **Worms seen crawling under man's skin in rare case in Spain; pics released**
3. **Pic of Indian family who died while illegally crossing into US surfaces**
4. **Gujarat court acquits 26 accused of gangrape and murder during 2002 riots**
5. **29-year-old Indian-origin man arrested for firebombing building in US**
6. **Planning a project that's similar to 'Harry Potter': Shekhar Kapur**
7. **Pune civic body yet to track down families of 550 COVID-19 victims**

# Saudi Arabia to cut oil production by 500,000 barrels per day for 'market stability'

**NEW DEIHI, (Agency).** The move would likely raise prices at the pump, further straining relations between Riyadh and Washington as the world copes with inflation fueled in part by the war in Ukraine.

The Saudi Energy Ministry said Sunday that the cuts would be made in coordination with some OPEC and non-OPEC members, without naming them. The cut is in addition to a reduction announced last October that infuriated the Biden administration.

The ministry described the move as a "precautionary measure" aimed at stabilizing the oil market. The cuts represent less than 5% of Saudi Arabia's average production of 11.5 million barrels per day in 2022.

The earlier cuts — of some 2 million barrels a day — had come on the eve of U.S. midterm elections in which soaring prices for gas and other basic goods was a major issue. President Joe Biden vowed at the time that there would be "consequences" and Democratic lawmakers called for freezing cooperation with the Saudis.



Both the U.S. and Saudi Arabia denied any political motives, saying they were focused on maintaining a healthy market price.

Since those cuts, oil prices have actually trended down. Brent crude, a global benchmark, was trading at around $80 a barrel at the end of last week, down from around $95 a barrel in early October, when the earlier cuts were agreed.

Saudi Arabia's state-run oil giant Aramco recently announced record profits of $161 billion from last year. Profits rose 46.5% when compared to the company's 2021 results of $110 billion. Aramco said it hoped to boost production to 13 million barrels a day by 2027.

# McDonald's to start layoffs, closes US offices: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Burger chain McDonald's Corp is temporarily closing its U.S. offices this week as it prepares to inform corporate employees about its layoffs as part of a broader company restructuring, the Wall Street Journal reported on Sunday.

In an internal email last week to U.S. employees and some international staff, McDonald's asked them to work from home from Monday through Wednesday so it can deliver staffing decisions virtually, the report said. It is unclear how many employees will be laid off.

"During the week of April 3, we will communicate key decisions related to roles and staffing levels across the organization," the Chicago-based company said in the message viewed by the Journal.



McDonald's also asked employees to cancel all in-person meetings with vendors and other outside parties at its headquarters, the report added.

McDonald's did not immediately respond to Reuters' request for a comment.

The fast-food chain said in January that it would review corporate staffing levels as part of an updated business strategy, which could lead to layoffs in some areas and expansion in others.

Bihar

# एक दिन की शांति के बाद फिर सासाराम में धमाका, नालंदा में कल तक इंटरनेट बंद

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के सासराम में फिर से धमाका हुआ है। एक ही दिन की शांति के बाद फिर से इलाके में सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई। सोमवार सुबह करीब 5 बजे उपद्रवियों ने एक घर पर बम फेंक दिया। गनीमत थी कि लोग अपने घर में सो रहे थे, इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ। ब्लास्ट से इलाके में दहशत का माहौल है। इधर,सूचना मिलते ही रोहतास डीएम और एसपी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। पुलिस लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रही है। इधर, नालंदा में 4 अप्रैल तक इंटरनेट सेवा बंद रखने का आदेश दिया गया है। स्कूल-कॉलेज अगले आदेश तक बंद रहेंगे। शनिवार रात में बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी नालंदा पहुंचे थे। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर शांति और सोहार्द बनाए रखने की अपील की।



Keral

# पति सो रहा था, घर में प्रेमी के साथ रंगरलियां मना रही थी पत्नी, नींद खुली तो...

**रायबरेली, (एजेंसी)** यूपी के रायबरेली में बीते दिनों हुए राजेश मर्डर केस का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. इस वारदात को उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अंजाम दिया था. वारदात से पहले महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को जमकर शराब पिलाई थी. इसके बाद जब पति सो गया तो दोनों रंगरलियां मनाने लगे. नींद खुलने पर पति ने उसको प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था. घटना गौरतलब बछरावां थाने के थूलेंडी गांव की है. 30 मार्च को राजेश को उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी नान्हू महताब के मिलकर शराब पिलाई. ज्यादा नशा होने पर राजेश सो गया. इसके बाद उसकी पत्नी और प्रेमी रंगरलियां मनाने लगे. इसी दौरान राजेश की नींद खुली तो उसने पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में देखा और आगबबूला हो गया. विरोध करने दोनों ने उसको मौत के घाट उतार दिया. इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली नवीन सिंह ने बताया कि बछरावा पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी कि राजेश की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है.

Keral

## सिरफिरे ने चलती ट्रेन में लगाई आग, दहशत में बच्चे समेत बोगी से कूद गए 3 लोग! मौत

**कोझिकोड.** केरल के कोझिकोड में एक सिरफिरे ने चलती ट्रेन में दूसरे यात्रियों पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी. बोगी में अचानक भड़की आग देखकर एक साल के बच्चे को लेकर सफर कर रही महिला ने चलती ट्रेन से ही छलांग लगा दी. पुलिस को पटरियों से उन दोनों के अलावा एक और शख्स की लाश मिली है. पुलिस ने मामला दर्ज कर उस शख्स की तलाश शुरू कर दी है, जिसने ट्रेन की बोगी में आगजनी को अंजाम दिया. आगजनी के दौरान ट्रेन में सवार 9 लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस ने एजेंसी को बताया कि घटना अलप्पुझा-कन्नूर एग्जीक्यूटिव एक्सप्रेस में रविवार रात 9.45 बजे हुई. कोझिकोड शहर को क्रॉस करने के बाद ट्रेन जैसे ही कोरापुझा रेलवे पुल पर पहुंची एक अज्ञात व्यक्ति ने दूसरे यात्रियों पर ज्वलनशील पदार्थ डाला और आग लगा दी. इस आगजनी में 9 लोग बुरी तरह से झुलस गए. घटना को अंजाम देने के बाद संदिग्ध आरोपी वहां से फरार हो गया.

Arunachal Pradesh

# उदयपुर में 9 वर्षीय बच्ची को लालच देकर किया अगवा फिर दरिंदगी के बाद हत्या कर शव के किए 10 टुकड़े

**उदयपुर, (एजेंसी) राजस्थान के उदयपुर में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जिले के मावली थाना क्षेत्र में पड़ोसी ने 9 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और बेरहमी से उसकी हत्या करने के बाद शव के 10 टुकड़े कर दिए।**

पुलिस अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लोपड़ा गांव में रहने वाली नौ साल की आदिवासी समाज की बच्ची के परिजनों ने 29 मार्च को उसकी गुमशुदगी और अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। उदयपुर



के जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि शनिवार को नौ वर्षीय बच्ची का शव क्षप्त-विक्षप्त हालात में घर से कुछ दूरी पर एक मकान के खंडर से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बच्ची की 29 मार्च को गुमशुदगी और अपहरण का मुकदमा परिजनों की ओर से दर्ज करवाया गया था और पुलिस तथा ग्रामीणों के सहयोग से उसकी तलाश की जा रही थी। जांच से पता चला कि पड़ोस में रहने वाले आरोपी कमलेश ने बच्ची का अपहरण कर उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया निर्मम तरीके से उसकी हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी कमलेश को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि आरोपी ने बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म संभवतः अपने घर पर किया और बाद में उसकी हत्या कर दी।

## खेल

# कोहली-डुप्लेसिस ने आरसीबी को दिलाई धमाकेदार जीत

### मुंबई लगातार 11वीं बार पहला मैच हारा

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मुंबई इंडियंस को हराकर आईपीएल के 16वें सीजन में धमाकेदार शुरुआत की है। उसने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आठ विकेट से मैच को अपने नाम किया। रविवार (दो अप्रैल) को आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया।

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल के सीजन का पहला मैच कुछ खास नहीं रहता है। इस बार भी वैसा ही हुआ। मुंबई की टीम लगातार 11वीं बार सीजन में अपना पहला मैच हारी है। उसे पिछली बार 2012 में जीत मिली थी। दूसरी ओर, आरसीबी ने मुंबई को पिछले छह मैच में पांचवीं बार हराया है। साथ ही अपने होमग्राउंड पर आरसीबी को मुंबई के खिलाफ 11 मैचों में तीसरी बार जीत मिली है। इससे पहले 2013 में दो रन और 2018 में 14 रन से जीत हासिल हुई थी।




प्तान फाफ डुप्लेसिस और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम को जीत दिलाई। दोनों अनुभवी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को कोहली और डुप्लेसिस ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। कोहली और डुप्लेसिस ने 14.5 ओवर में 148 रन जोड़े।

डुप्लेसिस 43 गेंद पर 73 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने पांच चौके और छह छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 169.77 का रहा। वहीं, कोहली ने 49 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और पांच छक्के लगाए। विराट का स्ट्राइक रेट 167.35 रहा। ग्लेन मैक्सवेल तीन गेंद पर दो छक्कों की मदद से 12 रन बनाकर नाबाद रहे। दिनेश कार्तिक खाता नहीं खोल सके। मुंबई इंडियंस के लिए अरशद खान और कैमरून ग्रीन ने एक-एक विकेट लिए।

## सिनेमा

# देबोस्मिता को पछाड़कर ऋषि सिंह बने इस सीजन के विनर, जीती 25 लाख प्राइज मनी और एक कार



टीवी के सबसे पॉपुलर रियलिटी शोज में से एक इंडियन आइडल का 13वां सीजन ऋषि सिंह ने जीत लिया है। देबोस्मिता रॉय इस सीजन में फर्स्ट रनर अप बनी हैं। शो की शुरुआत से ही कंटेस्टेंट ऋषि सिंह सबके चहेते बन गए थे और पिछले कुछ हफ्तों में यह साफ हो गया था कि ऋषि में INDIAN IDOL 13 की ट्रॉफी उठाने का माद्दा है।

अयोध्या ऋषि सिंह ने कोलकाता की देबोस्मिता रॉय को हराकर यह ट्रॉफी और 25 लाख रुपये प्राइज मनी अपने नाम कर ली है। सोनी लिव ने यह खबर रविवार रात को फैंस के साथ साझा करते हुए ट्विटर पर लिखा- सब पर चलाकर अपना जादू, रॉकिंग ऋषि सिंह जीता सिर्फ हमारा दिल ही नहीं बल्कि इंडियन आइडल की ट्रॉफी भी। इंडियन आइडल 13 का एक काफी डिजर्विंग कंटेस्टेंट। शुभकामनाएं। खिलाड़ियों की बात करें तो टॉप 6 में Bidipta Chakraborty, Sonakshi Kar और कोलकाता की Debosmita Roy शामिल थीं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के Chirag Kotwal और Shivam Singh का नाम भी इस लिस्ट में शामिल था। सीजन 13 के विनर ऋषि को शो के विनर की ट्रॉफी और प्राइज मनी के अलावा मारुति सुजुकी की तरफ से एक ब्रेजा कार भी गिफ्ट की गई।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी बनाएंगे पीपीटी डीसीपी के सामने होगा प्रेजेंटेशन

## जिस क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या वहां वीकली वन साईट पार्किंग प्लान लागू होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ट्रैफिक पुलिस अधिकारी अब बॉडी वार्न कैमरों से लैस नजर आएंगे साथ ही ई-चालान की वसूली के लिए वाहन चालकों के घरों तक भी अधिकारी दस्तक देंगे। इतना ही नहीं कॉर्पोरेट स्टाइल में अधिकारियों को पीपीटी (पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन) भी तैयार करनी होगी, जिसके आधार पर ट्रैफिक का एक्शन प्लान बनेगा और हर 15 दिन में उनके कामों की समीक्षा होगी। जिन इलाकों में पार्किंग की समस्या है वहां साप्ताहिक रूप से वन साइट पार्किंग प्लान लागू होगा।**

दरअसल, रविवार को ट्रैफिक डीसीपी मनीष कुमार अग्रवाल ने पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में सभी अधिकारी, थाना प्रभारी निरीक्षक, सूबेदार एवं उप निरीक्षकों की मीटिंग ली, जिसमें उन्होंने शहर के यातायात को बेहतर करने के लिए सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

फिलहाल यातायात प्रबंधन में कुल 06 क्यूआरटी टीमें यातायात प्रबंधन का कार्य कर रही है। सभी क्यूआरटी का नंबर जोन के आधार पर कर, बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए प्रत्येक जोन में दो-दो क्यूआरटी टीमें बनाकर प्रत्येक क्यूआरटी में 5-5 अधिकारी / कर्मचारी रहेंगे। सहायक पुलिस आयुक्त अपनी-अपनी क्यूआरटी का यातायात के दबाव के आधार पर दो-दो निश्चित नोडल पाइंट बनाएंगे, जो उनके नेतृत्व में कार्य करेंगी।

सभी क्यूआरटी टीम अपने साथ पीए सिस्टम रखेंगी। सभी अधिकारियों को अपने साथ बॉडीवार्म कैमरा रखना होगा। एसीपी अपनी टीमों को निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर चेक करेंगे। सूबेदार और उप निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और क्षेत्र में पड़ने वाले प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, होटल, लॉज, धर्मशाला, धार्मिक स्थल, हास्पिटल, मॉल, सिनेमा घर, हाट बाजार की जानकारी एकत्रित करेंगे। इन स्थलों की पार्किंग का अवलोकन कर बेहतर पार्किंग प्लान एवं रोड डायवर्सन प्लान को अपने एक्शन प्लान में शामिल करेंगे। ऐसे स्थान जहां पर पार्किंग की समस्या अत्यधिक है, उन स्थलों का एसीपी भ्रमण कर साप्ताहिक रूप से वन साइट पार्किंग प्लान के आधार पर पहले और तीसरे सप्ताह में सभी वाहनों की पार्किंग राईट साईड में तथा दूसरे और चौथे सप्ताह सभी वाहनों की पार्किंग लेफ्ट साइट में करवाने की व्यवस्था को लागू करेंगे। स्थान पर सूचना बोर्ड भी लगाया जाएगा।

# श्री सकलपंच मारू प्रजापति समाज ट्रस्ट के चुनाव 16 को, चुनाव चिह्न आवंटित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री सकलपंच मारू प्रजापत समाज ट्रस्ट के चुनाव 2023 के उम्मीदवारों को लोकनायक नगर धर्मशाला पर पंचसमिति व चुनाव समिति के सदस्यों द्वारा चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। उक्त अवसर पर पंचसमिति अध्यक्ष बंसीलाल जी बोरावड़, मंत्री रमेशचंद्र सियोटा, प्रेम गेदर, ओमप्रकाश मामोडिया, रामचंद्र पडियार, दौलत सुवटा, गिरधारीलाल चौहान, उत्तम सियोटा,आशीष गेदर, भूपेंद्र घोड़ेला, प्रहलाद सियोटा ,हरिशंकर असावला, महेंद्र धुमानिया ओर असंख्य समाज जन उपस्थित हुए । ट्रस्ट के चुनाव 16/4/2023 को सम्पन्न होंगे, जिससे प्रत्येक मतदाता को 11 वोट देना अनिवार्य है। यह जानकारी राजुजी प्रजापत द्वारा दी गई।

# तीर्थयात्रा के नाम पर धोखाधड़ी

**इंदौर। तीर्थयात्रा के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया है। आरोपियों ने सोशल मीडिया जैन समाज के ग्रुप में तीर्थयात्रा कराने का विज्ञापन दिया। आरोपियों का कहना था कि दो ट्रेन सम्मेद शिखरजी जा रही हैं। यात्रा से एक दिन पहले तक आरोपी समाज के लोगों के संपर्क में रहा। जब यात्रा वाले दिन स्टेशन पर पहुंचे तो पता कोई ट्रेन नहीं जा रही है।**

अंकुश पिता रमेशचंद्र जैन निवासी बेटमा की शिकायत पर मोबाइल नंबर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया पर शगुन जैन की आइडी से एक विज्ञापन डाला था। इसमें उन्होंने सम्मेद शिखरजी तीर्थ स्थान पर यात्रा करवाने की बात कही। आरोपियों ने जो मोबाइल नंबर दिए थे इस नंबर पर संपर्क किया तो आरोपियों में से एक ने अपना नाम महावीर जैन बताया। आरोपी का कहना था कि दो ट्रेन उसने बुक कर रखी है। एक ट्रेन अहमदाबाद से जाएगी तो दूसरी ट्रेन मुंबई से जाएगी। अहमदाबाद से जाने वाली ट्रेन उज्जैन होते हुए जाएगी। आरोपी का कहना है कि वहां पर दान करना चाहते हैं वह भी उन्हें दे दें। इस पर आरोपियों के बताए खाते में 76 हजार 300 रुपए ट्रांसफर कर दिए। आरोपी यात्रा के एक दिन पहले तक उनसे संपर्क में रहा। वह तय दिन पर अपना ग्रुप के साथ में उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए, लेकिन वहां पर जाने पर पता चला कि कोई ट्रेन नहीं है। इस पर क्राइम ब्रांच को शिकायत की।

# होगी नकली पावडर बनाने वाले दुकानदार पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिम में पसीना बहाने और बॉडी बनाने वाले युवाओं को प्रोटीन पावडर की लत लगाने के बाद कम दामों में बेचने की होड़ मची है। इससे युवाओं की तबीयत खराब हो रही है। इंदौर के जूनी इंदौर इलाके में ऐसा ही एक मामला सामने आया है।

जूनी इंदौर पुलिस ने नकली हेल्थ पावडर और इंजेक्शन बेचने के मामले में मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि मैनेजर ने इंस्टाग्राम पर खुद का पेज बना रखा था। उसने ऑनलाइन फॉर्मूला सीखने के बाद खुद ही पावडर तैयार कर दिया। अपने डुप्लीकेट प्रॉडक्ट हो असली जैसा दिखाने के लिए उसने हूबहू डुप्लीकेट रैपर भी बनवाए थे।

पुलिस के मुताबिक राकेश खरे निवासी गुरुनगर विजयनगर की शिकायत पर पुलिस ने हाई बोर्न न्यूट्रीशन के मैनेजर रवींद्र के खिलाफ 272, 337 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को राकेश ने अपने बयान में बताया कि वह तीन सालों से जिस ब्रांड का प्रोटीन पावडर व अन्य प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर रहा था। लेकिन इस दौरान कभी उसकी तबीयत नहीं बिगड़ी।

राकेश ने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर सपना-संगीता रोड पर हाई बोर्न न्यूट्रीशन का एड देखा। पता निकालकर वह 14 मार्च को रवींद्र की दुकान पर पहुंचा। रवीन्द्र ने उसे मार्केट से सस्ते दाम पर प्रॉडक्ट देने का दावा किया। राकेश ने कहा कि रवींद्र ने उसे गिफ्ट में प्रोटीन के इंजेक्शन, जिम बेग, फिश ऑइल केप्सूल, पीनट बटर, शेकर और प्रोटीन पाउच भी सस्ते दामों में देने का दावा भी किया। लेकिन जब उसके कहने पर राकेश ने प्रोटीन पावडर लिया तो कुछ ही दिन में पेट खराब हो गया। यहां तक कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक राकेश ने जो पावडर ओर इंजेक्शन लिये थे उसे टेस्ट के लिये भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक इसके बाद ही रवींद्र से पूछताछ और आगे की कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने के बाद राकेश ने पूरा घटनाक्रम अपने दोस्तों को बताया। राकेश के दोस्त वहीं प्रॉडक्ट खरीदने पहुंचे। जब उन्होंने रवींद्र को बताया कि वे वीडियो बना रहे हैं तो रवींद्र ने प्रॉडक्ट बेचने की बात से इंकार कर दिया। इसके बाद रवीन्द्र ने अपने कर्मचारी से वहां लगे पेम्पलेट्स हटवा दिए। 15 सौ रुपए की कीमत लगाने के बाद पैकेट पर एमआरपी नहीं थी। राकेश के दोस्तों ने यह वीडियो भी पुलिस को जांच के लिए सौंप दिया।

# युवक पर किया चाकू से हमला, दूल्हे से तलवार से लेकर युवक को मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र में डीजे जोर से बजाने की बात को लेकर विवाद हो गया इस पर एक युवक पर चाकू से हमला किया और डी जे में तोडफ़ोड़ की। वहीं एक अन्य स्थान पर हुए विवाद में दूल्हे ही तलवार लेकर बदमाश ने सिर में मार दी। सांवेर निवासी श्यामलाल चौहान ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसका बेटा सुनील घर में डीजे बजा रहा था इसी बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले प्रमोद उर्फ बन्ना ने विरोध किया और गाली गलौज की उसे गाली देने से मना किया तो प्रमोद और उसके अन्य साथियों ने सुनील पर चाकू से हमला किया और फिर डीजे में तोडफ़ोड़ कर हत्या की धमकी देकर भाग गए । इसी प्रकार फरियादी कृष्णा कुमार पिता गोविंद झाड़े निवासी वीणा नगर ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने दोस्त सूरज के साथ एमआर10 स्थित भगवती ढाबा के बाहर गया तो हमारे पास वाली टेबल पर बैठे तीन अज्ञात लड़के बाहर आकर गालियां देने लगे गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके गर्दन और कमर पर चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। उधर, एक युवक पर विवाद के चलते दूसरे युवक ने दूल्हे से तलवार छिनकर हमला कर दिया। इस दौरान उसका दोस्त बीच बचाव के लिए आया तो उसे भी घायल कर दिया। लसूडिय़ा पुलिस के अनुार कुलदीप पिता भगवान सिंह वास्कले उम्र 20 साल निवासी आकाशवाणी के सामने पाल झुग्गी झोपडी एबी रोड की रिपोर्ट पर राहुल निवासी दिलीप नगर बिजासन के पास, सोनू तवर निवासी आकाशवाणी के सामने पाल झुग्गी झोपडी एबी रोड और अरुण के खिलाफ केस दर्ज किया है। घायल कुलदीप ने पुलिस को बताया कि झगड़ा अरंडिया कांकड़ में हुआ। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में वह पहुंचा था।

# देशी पिस्टल के साथ पकड़ाया

**इंदौर।** पुलिस ने एक बदमाश को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। वह पिस्टल बेचने के लिए घूम रहा था। भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि पकडे गए आरोपी का नाम लालसिंह पिता मोतीसिंह मूल निवासी ग्राम खंडलाई गंधवानी जिला धार है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने इसे तीन इमली बस स्टैंड के पीछे चितावद कांकड स्थित मैदान में संदिग्ध अवस्था में घूमते पकड़ा। तलाशी लेने पर इसके पास से मैग्जीन लगी एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने गांव से पिस्टल बेचने के लिए इंदौर आया था।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।